जन सम्पर्क कार्यालय,
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर।
दिनांक : 25.01.2014

**प्रेस विज्ञप्ति**
**(सं. 2014/591)**

## श्रीगंगानगर–दिल्ली सराय रोहिल्ला–श्रीगंगानगर त्रि–साप्ताहिक एक्सप्रेस के संचालन के दिनो मे वृद्वि

### दिनांक 26.01.14 से प्रतिदिन संचालित होगी

रेलवे प्रशासन द्वारा रेल बजट 2013–14 में घोषित श्रीगंगानगर–दिल्ली सराय रोहिल्ला–श्रीगंगानगर त्रि–साप्ताहिक एक्सप्रेस का प्रतिदिन संचालन **श्रीगंगानगर से दिनांक 26.01.14** से प्रारम्भ किया जा रहा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री तरूण जैन के अनुसार श्रीगंगानगर–दिल्ली सराय रोहिल्ला–श्रीगंगानगर त्रि–साप्ताहिक एक्सप्रेस रेल सेवा का प्रतिदिन संचालन का शुभारम्भ श्रीगंगानगर से माननीय सांसद श्री भरत राम मेघवाल द्वारा दिनांक 26.01.14 को हरी झंडी दिखाकर किया जा रहा है।

गाडी संख्या 12455/12456, श्रीगंगानगर–दिल्ली सराय रोहिल्ला–श्रीगंगानगर एक्सप्रेस श्रीगंगानगर से **दिनांक 26.01.14 से** एवं दिल्ली सराय रोहिल्ला से **दिनांक 27.01.14 से** प्रतिदिन संचालित होगी।

*नोट : इस गाडी के ठहराव एवं समय सारिणी में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।*

**जन सम्पर्क अधिकारी**
**उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर**